aglasem.com

FOR KARNATAKA CLASS 12 PREPARATION

Karnataka 2nd PUC Model Question Paper 2027 for Hindi (Paper 5)

EXAM	YEAR	TYPE	SUBJECT
Karnataka Class 12	2027	Sample Paper	Hindi

GOVERNMENT OF KARNATAKA

KARNATAKA SCHOOL EXAMINATION AND ASSESSMENT BOARD

6th CROSS MALLESHWARAM BENGALURU - 560003

2026-27 II PUC MODEL QUESTION PAPER - 5

SUBJECT: HINDI (03) **MAXIMUM MARKS : 80**

TIME: 3.00 HOURS **NUMBER OF QUESTIONS:42**

सूचना :

1) सभी प्रश्नों के उत्तर हिन्दी भाषा तथा देवनागरी लिपि में लिखना आवश्यक है।

2) प्रश्नों की क्रम संख्या लिखना अनिवार्य है।

3) प्रश्न पत्र 'क', 'ख', 'ग', 'घ' इन चार खण्डों में विभाजित है।

4) खण्ड 'क' के प्रश्न संख्या 1 से 16 तक के प्रश्नों का उत्तर, जो पहली बार लिखा गया हो, उन्हीं उत्तरों का मूल्यांकन किया जाएगा।

खण्ड-'क'

I. अ) निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्पों को चुनकर लिखिएः **10×1=10**

1. जापान के होटलों का रिवाज है-

i) ठंडा पानी देना ii) गरम पानी देना

iii) भर पेट भोजन देना iv) रहने का प्रबंध करना

2. माँ मन ही मन इसके उज्वल भविष्य की कामना करने लगी-

i) शामनाथ ii) अपने iii) शामनाथ की पत्नी iv) चीफ

3. विश्वेश्वरय्या इस कंपनी में इस्पात कारखाना के डायरेक्टर थे-

i) बजाज ii) टाटा iii) रिलायंस iv) जिंदल

4. फीजी का प्रथम हिन्दी उपन्यास है-

i) डउका पुरान ii) सिंहासन बत्तीसी iii) फीजी पुरान iv) औडव पुरान

5. 'गहने' कविता में माँ चाहती है कि-

i) बेटी सुंदर दिखाई दे ii) बेटी रंगीन दिखाई दे

iii) बेटी हट्टी-कट्टी दिखाई दे iv) बेटी गुड़िया के समान दिखाई दे

6. पेड़ की छाया को बढ़ाने का कार्य इनके द्वारा होता है-

i) पत्तियाँ ii) डालियाँ iii) फूल iv) फल

7. मूलराज के मंझले बेटे का नाम है-

i) मूलचंद ii) कर्मचंद iii) माणिकचंद iv) मलूकचंद

8. टीपू सुल्तान ने विश्व को अपनी शक्ति का परिचय इस भूमि पर दिया था -

i) केरल ii) कर्नाटक iii) तमिलनाडु iv) आन्ध्रप्रदेश

9. 'सुजान भगत' कहानी के अनुसार सीधे-सादे किसान धन आते ही इस ओर झुक जाते हैं -

i) भोग-विला ii) धर्म और कीर्ति ii) कर्त्तव्य और सत्यता iv) पाप और पुण्य

10. अजमेरे से पहले मन्नू के पिता यहाँ थे-

i) मुंबई ii) चेन्नई iii) इंदौर iv) बेंगलोर

आ) कोष्ठक में दिए गए कारक चिन्हों से रिक्त स्थान भरिए: **5x1=5**

(के, का, ने, की, से, में)

11. रेल से नारा पहुँचने _____ बहुत वक्त नहीं लगा।

12. तुम्हारे बेटों _____ तो कमाई है।

13. आज पर्यावरण की रक्षा _____ उपाय किये जा रहे हैं।

14. तकनीकी प्रगति के कारण जीवन _____ स्वरूप बदल रहा है।

15. माधव ____ किताब खरीदी।

इ) निम्नलिखित मुहावरों को अर्थ के साथ जोड़कर लिखिएः **5x1=5**

16.

a) कमर सीधी करना	i) बहुत प्यारा
b) थू-थू करना	ii) भाग्य पलटना
c) घी के दिए जलाना	iii) आराम लेना
d) दिन फिरना	iv) तेज दौड़ना
e) आँखों का तारा	v) बेइज्ज़ती करना
	vi) खुशियाँ मनाना

खण्ड-'ख'

II. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लिखिए: **2x3=6**

17. 'कर्त्तव्य पालन और सत्यता के बीच घनिष्ठ संबंध है।' कैसे? स्पष्ट कीजिए।

18. शीला अग्रवाल का मन्नू भंडारी पर क्या प्रभाव पड़ा?

19. विश्वेश्वरय्या के गुण-स्वभाव का परिचय दीजिए।

20. भोलाराम की पत्नी ने नारद से भोलाराम के संबंध में क्या कहा?

आ) निम्नलिखित में से किन्हीं दो का ससंदर्भ स्पष्टीकरण कीजिए: **2x3-6**

21. 'अभी ऐसे बूढ़े नहीं हो गए कि कोई काम ही न कर सकें।'

22. 'एक बार जबान पे चढ़ जाए तो फिर कुछ अच्छा नहीं लगता।'

23. 'जानती नहीं, साहब खुश होगा, तो मुझे तरक्की मिलेगी?'

24. 'यह किला जापानी संघर्षधर्मिता और जिजीविषा का प्रतीक है।'

III. अ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: **1x3=3**

25. रैदास ने श्रम के महत्व को किस प्रकार प्रकट किया है?

26. रहीम जी ने चिता और चिंता के अंतर को कैसे समझाया है? स्पष्ट कीजिए।

आ) निम्नलिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर लिखिए: **1x3-3**

27. 'एक वृक्ष की हत्या' कविता का मूल भाव अपने शदों में लिखिए।

28. 'भारत की धरती' कविता के आधार पर हरियाणा की सांस्कृतिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

29. 'कायर मत बन' कविता के माध्यम से पाठकों को क्या संदेश प्राप्त होता है?

इ) ससंदर्भ भाव स्पष्ट कीजिए: **2x3=6**

30. लोचन तृप्त भए दरसन तैं उर की तपनि बुझानी।
प्रेम-मगन तब भईं सुंदरी, उर गदगद, मुख-बानी।
कमल-नयन तट पर हैं ठाढ़े, सकुचहिं मिलि ब्रज नारी।

अथवा

कहै यहै श्रुति सुम्रत्यौ, यहै सयाने लोग।
तीन दबावत निसकहीं, पातक, राजा, रोग॥

31. ऐसा तेरा लोक, वेदना
नहीं, नहीं जिसमें अवसाद,
जलना जाना नहीं, नहीं-
जिसने जाना मिटने का स्वाद!

अथवा

हो गई है पीर पर्वत-सी पिघलनी चाहिए,
इस हिमालय से कोई गंगा निकलनी चाहिए।

खण्ड-'ग'

IV. अ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिए : **1x5=5**

32. इन्दु को अपनी भाभी बेला पर क्यों क्रोध आया?

अथवा

मालवी ने सारी की सारी छत क्यों और कैसे खोद डाली?

आ) निम्नलिखित प्रश्न का उत्तर लिखिएः **1x4=4**

33.सुशीला की चारित्रिक विशेषताओं पर प्रकाश डालिए।

अथवा

भारवि ने अपने पिता से किस प्रकार का दण्ड चाहा और उसे क्या दण्ड मिला?

खण्ड - 'घ'

V. अ) वाक्य शुद्ध कीजिए: **1x3=3**

34. i) मैंने दशहरा देखने के लिए मैसूर जाना है।

ii) उसे बहुत गुस्सा आती है।

iii) त्योहार में नया पोशाक पहनते हैं।

आ) निम्नलिखित वाक्यों को सूचनानुसार बदलिएः **1x3=3**

35. i) लड़के ने अपने मित्र को पत्र लिखा। (वर्तमान काल में बदलिए)

ii) यात्री गंगा में स्नान करते हैं। (भविष्यत् काल में बदलिए)

iii) गुरुजी उपदेश देंगे। (भूतकाल में बदलिए)

इ) अन्य लिंग रूप लिखिए: **1x3=3**

36. i) संन्यासी ii) गुड़िया iii) भगवान

ई) अनेक शब्दों के लिए एक शब्द लिखिएः **1x3=3**

37. i) जो दिखाई न दे

ii) जिसका आदि न हो

iii) आकाश में विचरने वाला

उ) निम्नलिखित शब्दों के साथ उपसर्ग जोड़कर नए शब्दों का निर्माण कीजिए: **1x2=2**

38. i) रूप ii) आवश्यक

ऊ) निम्नलिखित शब्दों में से प्रत्यय अलग करके लिखिएः **1x2=2**

39. i) बाजीगर ii) जानकारी

VI. अ) निम्नलिखित अनुच्छेद को पढ़कर उस पर आधारित प्रश्नों के उत्तर लिखिएः1x4=4

40. भारत विश्व सभ्यता का जनक है, क्योंकि इसकी सभ्यता विश्व की प्राचीनतम सभ्यता है। प्रलय के बाद सर्वप्रथम भारत भूमि पर ही मनु द्वारा सृष्टि की रचना हुई। धरती को स्वर्ग तथा अनेक ऋषि-मुनियों, देवताओं और महापुरुषों की पुण्य भूमि भारत पर स्वयं भगवान राम और कृष्ण ने अवतार लेकर इसकी मिट्टी को तिलक करने योग्य बना दिया। दुनिया की अनेक संस्कृतियाँ मिट गईं परंतु भारत की संस्कृति आज भी जीवित है। अपने ऐश्वर्य और समृद्धि के कारण यह 'सोने की चिड़िया' कहलाया। सभी प्रकार की कलाओं और विद्याओं का शुभारंभ इसी धरती पर हुआ तथा मोक्ष का मूलमंत्र भी सर्व प्रथम इसी धरती के लोगों के हाथ लगा जिसे संपूर्ण विश्व में फैलाकर भारत विश्वगुरु' कहलाया। आज भारत ने हर क्षेत्र में अद्भुत प्रगति की है। इसलिए हम गर्व से कहेंगे 'मेरा भारत महान' है।

प्रश्न : i) भारत को किसका जनक कहा जाता है?

ii) प्रलय के बाद किसकी रचना हो गई?

iii) किसके कारण भारत को सोने की चिड़िया कहा जाता है?

iv) किसका शुभारंभ भारत भूमि पर हुआ?

आ) निबंध लिखिए: **1x4=4**

41. ऑनलाइन शिक्षा के फायदे और नुकसान

अथवा

आपके मुहल्ले में जल-आपूर्ति नियमित रूप से नहीं हो रही है। जल संस्थान अधिकारी को शिकायती पत्र लिखिए और उन्हें अपनी समस्याओं के विषय में बताकर उनसे अनुरोध कीजिए कि वे तत्काल जल-आपूर्ति नियमित कराने की व्यवस्था करें।

इ) हिन्दी में अनुवाद कीजिए: **1x3=3**

42. i) ಭಾರತವು ವಿಪುಲವಾದ ಸಂಸ್ಕೃತಿ ನಾಗರಿಕತೆಯಿಂದ ಕೂಡಿದೆ.

India is a rich cultured country.

ii) ಶಿಮ್ಲಾ ಡೆಹ್ರಾಡೂನ್‌ಗಿಂತ ತಂಪಾಗಿದೆ.

Shimla is cooler than Dehradun.

iii) ಪ್ರಾಮಾಣಿಕ ವ್ಯಕ್ತಿಯನ್ನು ಎಲ್ಲರೂ ನಂಬತ್ತಾರೆ.

An honest man is trusted by all.

***